भारत सरकार **राज्य सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1956**
(वाणिज्य विभाग)

दिनांक 23 दिसंबर 2022 को उत्तर दिये जाने के लिए

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय चाय की भागीदारी बढाना

1956. श्री आर.गिरिराजन :
श्री एस. कल्याण्सुन्दरम :
श्री एम.मोहम्मद अब्दुल्ला :

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय चाय का घरेलू उत्पादन बढ़ाने और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी भागीदारी बढ़ाने के लिए उपाय किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार इस विचार से सहमत है कि चाय का व्यापक प्रचार करके, चाय को एक अति उत्तम खाद्य पदार्थ/पेय बताकर और चाय के अत्यधिक स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालकर चाय की मांग पैदा करना समय की अत्यंत आवश्यक मांग है;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा की गई/की जा रही पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ङ): केंद्र सरकार, चाय बोर्ड के माध्यम से, "चाय विकास और संवर्धन स्कीम (टीडीपीएस)" क्रियान्वित कर रही है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, चाय उद्योग के उत्पादकों और अन्य हितधारकों को वित्तीय और तकनीकी सहायता की व्यवस्था के माध्यम से चाय उत्पादन, उत्पादकता, गुणवत्ता उन्नयन, अनुसंधान और विस्तार में सुधार करने, निर्यात को बढ़ावा देने और मूल्यवर्धन करने

की गतिविधियां शामिल हैं। चाय बोर्ड द्वारा स्कीम के तहत पुनर्रोपण/प्रतिस्थापन, कायाकल्प, सिंचाई, मशीनीकरण, परंपरागत चाय उत्पादन करने, चाय कारखानों की स्थापना करने, स्वयं सहायता समूहों/किसान उत्पादक संगठनों आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। चाय का उत्पादन वर्ष 2020-21 में 1283.03 मिलियन किलोग्राम की तुलना में वर्ष 2021-22 के दौरान 1344.40 मिलियन किलोग्राम रहा जो 61.37 मिलियन किलोग्राम (4.78%) की वृद्धि दर्शाता है।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय चाय की मौजूदगी बढ़ाने के लिए फोकस्ड और निरंतर पहल की जाती है, जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, क्रेता-विक्रेता बैठकों की व्यवस्था करना, व्यापार प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान को प्रभावी बनाना, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में भाग लेना और भारतीय ब्रांडों का प्रमुख बाजारों में जनरिक संवर्धन करना शामिल है।

चाय की मांग पैदा करने को बढ़ावा देने के लिए, "चाय" के आरोग्य और स्वास्थ्य लाभों का प्रचार करने और उपभोक्ताओं के बीच इसकी विविध रेंज के बारे में जागरूकता और ज्ञान पैदा करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनरिक प्रचार किया जाता है। वर्ष 2021-22 के लिए चाय का स्पष्ट घरेलू प्रतिधारण 2020-21 में 1107 मिलियन किलोग्राम की तुलना में लगभग 1170 मिलियन किलोग्राम था जो 5.69% की वृद्धि दर्शाता है। टीडीपीएस के बाजार संवर्धन घटक के तहत, चाय बोर्ड ने 2017-18 से नवंबर 2022 तक 46.42 करोड़ रुपये खर्च किए।

*****